CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 274 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार, 07 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## दल बदलने वालों पर वसुंधरा का तंज

### ‘दिल नहीं बदलते तो खतरा वही ‘समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की नसीहत

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

वसुंधरा राजे ने भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मूल विचारधारा और समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने साफ कहा कि राजनीति में दल बदलने वालों की कमी नहीं है, लेकिन असली चुनौती उन लोगों से है जो पार्टी से ज्यादा खुद के हितों के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि ‘कई लोग दल बदल लेते हैं, लेकिन दिल नहीं बदलते ‘, जबकि कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो पूरी तरह पार्टी में घुल-मिल जाते हैं, जैसे दूध में शक्कर।



राजे ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि पार्टी में अवसरवादियों के बजाय मूल विचारधारा से जुड़े और संघर्ष करने वाले कार्यकर्ताओं को ही अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पद के पीछे भागने के बजाय काम पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि ‘काम करोगे तो पद अपने आप चलकर आएगा।’ इस दौरान उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी का उल्लेख करते हुए संगठन की परंपराओं को याद किया।अपने संबोधन में राजे ने घनश्याम तिवाड़ी और किरोड़ी लाल मीणा के साथ लंबे राजनीतिक अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी कई उतार-चढ़ाव से गुजरकर आज मजबूत स्थिति में पहुंची है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेदारी सिर्फ शीर्ष नेतृत्व पर छोड़ने के बजाय हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

इस मौके पर भजनलाल शर्मा ने भी प्रदेश भाजपा कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराया और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य में सरकार होने के कारण जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने पार्टी को अजेय बनाने का लक्ष्य सामने रखा और जनता के बीच रहकर काम करने पर जोर दिया।

कार्यक्रम के साथ ही प्रदेश भाजपा कार्यालय में मुख्यमंत्री के लिए अलग कक्ष भी तैयार किया गया, जहां भजनलाल शर्मा ने विधिवत रूप से बैठकर शुरुआत की। अब वे यहीं से पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

## अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग, किसान की मेहनत राख



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)**। क्षेत्र के लखमणियास गांव में सोमवार सुबह एक खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।

जानकारी के अनुसार किसान जमनालाल जाट के खेत में अचानक आग भड़क उठी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आसपास के कुओं से मोटरें चलाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

ग्रामीणों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिसके बाद दमकल को रास्ते से ही वापस लौटा दिया गया।

इस हादसे में करीब एक बीघा गेहूं की फसल जल गई, जिससे किसान की चार महीने की मेहनत पूरी तरह नष्ट हो गई। ग्रामीणों की सतर्कता के चलते आग को अन्य खेतों में फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

## श्मशान में आधी रात की हलचल, तांत्रिक क्रिया की आशंका से हड़कंप, दो युवक हिरासत में

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित ।** रात का सन्नाटा, श्मशान घाट और अचानक दिखी संदिग्ध हलचल... उद्योग नगर थाना क्षेत्र के धाकड़ खेड़ी गांव में रविवार देर रात कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जिसने ग्रामीणों में दहशत फैला दी। मुक्तिधाम में चल रही गतिविधियों को देखकर ग्रामीणों को तांत्रिक क्रिया की आशंका हुई और उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दे दी।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वहां मौजूद दो युवकों निशांत प्रजापति और जीतू सुमन को हिरासत में ले लिया। थाना अधिकारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों युवक दरी बिछाकर कुछ धार्मिक गतिविधियां करते नजर आए। मौके से शराब की बोतल भी बरामद हुई, जिसने पूरे मामले को और संदिग्ध बना दिया।





ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान में इस तरह की गतिविधियां पहले भी चर्चा का विषय रही हैं और इस बार की घटना ने डर का माहौल बना दिया। वहीं पकड़े गए युवकों ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि वे भेरुजी के स्थान पर पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे और उनके परिवार में यह परंपरा पुरानी है।

फिलहाल पुलिस ने दोनों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

अब सवाल यही है क्या यह महज आस्था से जुड़ा अनुष्ठान था या फिर सच में श्मशान में कुछ रहस्यमयी तांत्रिक क्रिया चल रही थी? पुलिस जांच के बाद ही इसका खुलासा हो पाएगा।

## अवैध मादक पदार्थ मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत पण्डेर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी कमलेश के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की एनडीपीएस एक्ट में 25 मार्च 2026 को थाना शक्करगढ़ क्षेत्र में 19.900 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर आरोपी राजेन्द्र वैष्णव व एक बालक को पकड़ा गया था। मामले के अनुसंधान के दौरान सामने आया कि यह मादक पदार्थ भुवाना पुत्र मांगीलाल गुर्जर निवासी दलपुरा से खरीदा गया था, जिसे आगे देवा लाल पुत्र सुखा मीणा निवासी मोहनपुरा को सप्लाई किया जाना था।

इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों की तलाश कर 5 अप्रैल को डिटेन किया और पूछताछ के बाद एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से मामले में आगे की पूछताछ जारी है।

## वार्ड सभा में माइक बंद करने पर बवाल, नगर पालिका की कार्यशैली पर उठे सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान के तहत नगर में वार्ड-वार्ड सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, लेकिन इन सभाओं की कार्यप्रणाली को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। रविवार रात हनुत बालाजी मंदिर के पास वार्ड संख्या 6, 8, 9 और 10 की संयुक्त वार्ड सभा में उस समय विवाद की स्थिति बन गई, जब एक पूर्व वार्ड पार्षद असलम खोखर को बोलने से रोकने के लिए उनका माइक बंद कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, सभा के दौरान पूर्व वार्ड पार्षद ने नगर पालिका की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराने, गोलमाल जवाब देने, ग्राम पंचायत के पट्टों के रूपांतरण के लंबित मामलों तथा नगर पालिका के टेंडरों में बाहरी लोगों को प्राथमिकता देने जैसे मुद्दे उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है और आमजन को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है।इस पर नाराज होकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने उनका माइक बंद कर दिया और बोलने से रोकते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी।



सभा और घटना लाइव वीडियो नगर पालिका के आधिकारिक सोशल मीडिया पेज पर वायरल है, जिसके बाद क्षेत्र में पालिका की कार्यशैली को लेकर चर्चा तेज हो गई है।गौरतलब है कि इससे पहले आयोजित वार्ड सभाओं में भी आमजन की कम भागीदारी देखने को मिली थी, जिससे इन बैठकों की उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं और अनावश्यक खर्च की भी चर्चा हो रही है।

वहीं, इस मामले में अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल का कहना है कि वार्ड सभाएं केवल क्षेत्रीय समस्याओं और विकास कार्यों पर चर्चा के लिए होती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि अन्य विषय उठाए जाने के कारण स्पीकर बंद किया गया, जबकि किसी को भी जनसमस्याएं रखने से नहीं रोका जा रहा है। यदि कोई विवाद उत्पन्न करेगा तो कार्रवाई की जाएगी ।

## पत्रकार पर हमलाः उच्चस्तरीय जांच की मांग, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर जोर , 72 घंटे में फरार आरोपी गिरफ्तार नहीं तो धरना प्रदर्शन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

**नरेश धाकड़ ।** थाना क्षेत्र में पत्रकार श्याम विजय पर हुए जानलेवा हमले के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस संबंध में क्षेत्रीय पत्रकारो ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार ललित डीडवानिया को ज्ञापन सौपकर प्रकरण की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने तथा शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि 1 अप्रैल की रात करीब 9:10 बजे पत्रकार श्याम विजय पर उनके घर के बाहर कुछ लोगों ने रास्ता रोककर हमला किया। आरोपियों ने मारपीट करते हुए उनके गले से करीब 30 ग्राम सोने की चेन और 11 हजार नकद भी छीन लिए। मामले में थाना बिजौलिया में दर्ज की गई है। पत्र में बताया गया है कि पुलिस द्वारा एक नामजद आरोपी सहित दो लोगों को



हिरासत में लिया जाना सराहनीय है, लेकिन नगर पालिका में कार्यरत संविदा कर्मचारी योगेश अहीर सहित अन्य आरोपी अब भी गिरफ्त से बाहर हैं। आरोप लगाया गया कि राजनीतिक एवं प्रशासनिक दबाव के कारण इन पर कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे वे खुलेआम घूम रहे हैं और भय का माहौल बना हुआ है। प्रेस ट्रस्ट ने इस घटना को पत्रकारिता की स्वतंत्रता और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर सीधा हमला बताया है। संगठन ने मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में मांग की है कि मामले की पारदर्शी जांच करवाई जाए, संबंधित नगर पालिका कर्मचारी को तत्काल कार्यमुक्त किया जाए, पीड़ित पत्रकार को सुरक्षा दी जाए तथा पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस नीति लागू की जाए।

साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि 72 घंटे के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो प्रेस ट्रस्ट बिजौलिया द्वारा नगर पालिका चौक पर धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

## शाहपुरा में गूंजा गौ सम्मान का संदेश, पोस्टर विमोचन के साथ अभियान को मिली नई ऊर्जा



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

धार्मिक आस्था और सामाजिक चेतना का अनोखा संगम सोमवार शाम शाहपुरा के श्री राम मंदिर में देखने को मिला, जहां जीव रक्षणम टीम द्वारा देशव्यापी 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया। साधु-संतों के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम ने गौ संरक्षण को लेकर जनजागरण की अलख जगा दी।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बताया कि यह अभियान किसी एक संस्था या व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में गौमाता के सम्मान, संरक्षण और अधिकारों के लिए एक व्यापक जनआंदोलन के रूप में चलाया जा रहा है। अभियान में गौमाता को प्रधान संरक्षक और नंदी बाबा को अध्यक्ष स्वरूप मानकर इसे आध्यात्मिक स्वरूप भी प्रदान किया गया है।

इस अवसर पर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए बताया गया कि 27 अप्रैल 2026 को 'गौ सम्मान दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इसी दिन शाहपुरा तहसील मुख्यालय पर बड़ी संख्या में गौसेवक एकत्रित होकर केंद्र सरकार के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन के माध्यम से गौहत्या पर स्थायी प्रतिबंध, गौमाता को मौलिक अधिकार प्रदान करने तथा उनके संरक्षण, पालन-पोषण और संवर्धन के लिए पर्याप्त अनुसंधान व अनुदान की मांग उठाई जाएगी।

जीव रक्षणम टीम ने जानकारी दी कि देशभर की लगभग 5 हजार तहसीलों में एक साथ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। इन ज्ञापनों के साथ आमजन के हस्ताक्षरों से युक्त प्रतियां भी संलग्न होंगी, ताकि सरकार तक जनभावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति पहुंच सके।

कार्यक्रम में श्री राम मंदिर के पुजारी, किसान संघ के सुगनलाल बोहरा सहित सुमित प्रजापत, दिनेश प्रजापत, अजय प्रजापत, गोविंद प्रजापत, दीपक प्रजापत, हितेश पेसवानी, कालु प्रजापत, महेंद्र प्रजापत, राघव प्रताप सिंह शेखावत, अनिल पांचाल और देवेंद्र प्रजापत सहित अनेक गौभक्त उपस्थित रहे। अंत में टीम रक्षणम ने सभी गौ-भक्तों, सनातनी नागरिकों, साधु-संतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे इस पुण्य अभियान से जुड़ें और 27 अप्रैल को अधिकाधिक संख्या में तहसील मुख्यालय पहुंचकर गौमाता के सम्मान की इस मुहिम को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करें।

# महिला को जलाने के प्रयास में आरोपी दोषी, 3 साल की सजा

## घर में घुसकर पेट्रोल डालने की कोशिश, कोर्ट ने सुनाया फैसला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

महिला के घर में घुसकर उस पर पेट्रोल डालकर जलाने के प्रयास के मामले में अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश (महिला उत्पीड़न प्रकरण) भीलवाड़ा ने आरोपी को दोषी मानते हुए 3 वर्ष के कारावास एवं 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामले में विशिष्ट लोक अभियोजक अदिति सेठिया द्वारा न्यायालय में 11 गवाहों के बयान एवं 9 दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, जिनके आधार पर आरोपी को दोषसिद्ध माना गया। अभियोजन के अनुसार, 17 फरवरी 2019 को प्रार्थिया सोना शर्मा, निवासी बरवाड़ा जिला करौली, जो उस समय भीलवाड़ा की लेबर कॉलोनी में किराए के मकान में रह रही थी, ने थाना प्रतापनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया कि आरोपी नजरुल हक उर्फ कालू पठान उसके घर में घुस आया और उस पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास किया। शोर सुनकर उसकी छोटी बहन मौके पर पहुंची और उसे बचाया, जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। जाते समय उसने जान से मारने की धमकी भी दी।जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नक्शा मौका तैयार किया तथा एक कपड़े का टुकड़ा और प्लास्टिक की बोतल जब्त की। बाद में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया गया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई।



# विधायक डॉ. बैरवा का नगर पालिका शाहपुरा में औचक निरीक्षण

## सफाई, सड़क, जल निकासी व विकास कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने सोमवार को नगर पालिका का औचक निरीक्षण कर नगर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर शहर की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने साफ-सफाई व्यवस्था, सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य, जल निकासी प्रणाली, नगर पालिका के राजस्व तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा कचरा निस्तारण प्रणाली को प्रभावी करने पर जोर दिया। साथ ही शहर के सौंदर्यकरण और रोड लाइट व्यवस्था में सुधार के निर्देश भी दिए।




सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि आमजन को सुगम आवागमन उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। वहीं जलभराव की समस्या के समाधान के लिए नालों की नियमित सफाई और आवश्यक मरम्मत कार्य सुनिश्चित करने को कहा।

विधायक ने नगर पालिका के राजस्व बढ़ाने के उपायों पर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की तथा कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया।

इस अवसर पर नगर पालिका के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विधायक ने सभी को समन्वय के साथ कार्य करते हुए शहर के समग्र विकास को गति देने का आह्वान किया।

## बालाजी मंदिर में भव्य भजन संध्या, भक्तिमय माहौल में झूमे श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास ।**

बरूंदनी के गाडरी मोहल्ले स्थित बालाजी मंदिर में धार्मिक आयोजन के तहत रात्रि में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया।

कार्यक्रम की शुरुआत रोशन वैष्णव (कन्याखेड़ी, हमीरगढ़) द्वारा गणेश वंदना से की गई, जिसने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। इसके बाद भेरूलाल प्रजापत ने हारमोनियम पर मधुर धुनें प्रस्तुत कीं, वहीं मास्टर कन्हैया लाल प्रजापत ने ढोलक पर शानदार संगत दी।

भजन गायकों में भूरालाल गाडरी, राधेश्याम गुर्जर, गोपाल गाडरी और मोहन गुर्जर ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।



कार्यक्रम में शिव प्रकाश भट्ट, माधुलाल किर, भूपेन्द्र गट्टाणी, शंकर गाडरी, रतन गाडरी, भेरूलाल सुथार सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। साउंड व्यवस्था पवनपुत्र, बरूंदनी द्वारा की गई।

अंत में आयोजकों ने सभी कलाकारों और उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# बिजौलिया नगर पालिका पर अनियमितताओं के आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

क्षेत्र में नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष लगातार बढ़ता नजर आ रहा है। कथित अनियमितताओं और अवैध गतिविधियों के आरोपों के बीच ग्रामीणों ने अब मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग उठाई है।

पूर्व वार्ड पार्षद असलम हुसैन खोखर का कहना है कि जब से बिजौलिया को ग्राम पंचायत से नगर पालिका का दर्जा मिला है, तब से प्रशासनिक कार्यों को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे है । विशेष रूप से अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल की नियुक्ति के बाद से हालात और बिगड़ते जा रहे हैं। लोगों का आरोप है कि आमजन को नियम-कानून और पुलिस कार्रवाई का डर दिखाकर परेशान किया जा रहा है, वहीं सक्रिय नागरिकों की आवाज भी दबाने की कोशिश हो रही है।

ज्ञापन में बताया गया कि चुनाव से पहले बड़े स्तर पर विकास कार्य शुरू किए गए है, लेकिन कई परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। मुख्यमंत्री विकसित शहर अभियान के तहत आयोजित वार्ड सभाओं को लेकर भी नाराजगी जताई गई है। ग्रामीणों का आरोप है की इन सभाओं में आमजन की भागीदारी बेहद कम रही है और जो लोग अपनी बात रखना चाहते हैं, उन्हें बीच में ही रोक दिया जाता है। सवाल उठाने पर माइक बंद किए जाने जैसी घटनाओं से लोगों में रोष है।

इसके अलावा सड़क निर्माण कार्यों में अनियमितता, विजय सिंह पथिक पार्क में पेड़ों की कटाई, पट्टा प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार और सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नहीं देने जैसे गंभीर आरोप भी सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ जगहों पर आरसीसी सड़क अधूरी होने के बावजूद उसे पूर्ण दर्शाया गया, वहीं पार्क के जीर्णोद्धार के




नाम पर हरे-भरे पेड़ों की कटाई भी बिना स्पष्ट अनुमति के की गई। पट्टा रूपांतरण प्रक्रिया में बिचौलियों की सक्रियता बढ़ने और टेंडर व भर्ती से जुड़ी जानकारियां उपलब्ध नहीं कराने के आरोप भी लगाए गए हैं।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि नगर पालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही कायम हो सके। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

इस मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद असलम हुसैन खोखर, महावीर मेघवाल, सुनील स्वर्णकार, एडवोकेट हितेश धाभाई सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अंजली का गुजरात अंडर-17 टीम में चयन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले के सरदार नगर की होनहार क्रिकेटर अंजली धोबी का चयन गुजरात अंडर-17 क्रिकेट टीम में हुआ है। वह आगामी वेस्ट जोन अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुजरात का प्रतिनिधित्व करेंगी।

टूर्नामेंट 10 अप्रैल से शुरू होगा, जिसमें गुजरात के साथ मुंबई, महाराष्ट्र, सौराष्ट्र और बड़ौदा की टीमें भाग लेंगी। अंजली अपनी टीम के साथ मुंबई के लिए रवाना होंगी।

कम उम्र में शानदार प्रदर्शन से पहचान बनाने वाली अंजली की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके पिता



शिवराज ने उन्हें शुरुआत से मार्गदर्शन दिया। खेल प्रेमियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर विकास को लेकर बनी नई कार्यकारिणी, दीपक सोनी बने अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

क्षेत्र के श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में मंदिर एवं क्षेत्र के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में दीपक सोनी को अध्यक्ष, ललित चित्तोड़ा एवं नरेंद्र जैन को उपाध्यक्ष, जगदीश धाकड़ को कोषाध्यक्ष, अशोक धाकड़ को सचिव, रवि सोनी को सहसचिव तथा आयुष शर्मा को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक के दौरान मंदिर परिसर के विकास, व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श हुआ। नवनियुक्त



पदाधिकारियों ने आपसी सहयोग से कार्य करने का संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर कुंदन सोनी, मुकेश पारीक, नंदन सोनी, नितिन कोली, विनोद सोनी और रोहित जिनगर सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## रॉंग साइड से आई पिकअप ने मारी टक्कर, युवक गंभीर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के 100 फीट रोड पांसल चौराहे से शारदा रोड मार्ग पर सोमवार को एक तेज रफ्तार पिकअप ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी। बताया जा रहा है कि पिकअप रॉंग साइड से आ रही थी।

टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप पलट गई और स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आसपास के लोगों ने तुरंत घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर गांधीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पिकअप को हटाकर यातायात चालू करवाया। स्थानीय लोगों का कहना है



कि इस रोड पर अक्सर हादसे होते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से रॉंग साइड और तेज रफ्तार पर रोक लगाने की मांग की है।




QUICK BITES

## जहाजपुर में अम्बेडकर व फुले जयंती भव्य रूप से मनाने की तैयारी

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर।



कस्बे में 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती एवं 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती को भव्य रूप से मनाने को लेकर डॉ. भीमराव अम्बेडकर विचार मंच संस्था की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए सामाजिक समरसता एवं जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। अम्बेडकर विचार मंच के अध्यक्ष रामजस मीना ने बताया कि अम्बेडकर जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में किशन सहाय मीना छद्धल, मानवाधिकार, राजस्थान सरकार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जसराज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बूंदी उपस्थित रहेंगे।

बैठक में अभय सिंह मीणा (एसीबीओ), राजेंद्र मीणा (प्रिंसिपल), लक्ष्मण मीणा, बाबूलाल मीणा, गोपाल जी, फूल सिंह पीपलुंद, अशोक चन्नाल, मनोहर लाल बैरवा, नीरज रैगर (एडवोकेट), प्रमोद मीना, रामराज मीना, आशीष मीना, दीपक मीना, जाकिर हुसैन, मुजाहिद सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सावर डाकघर का आधार सेवा केंद्र 10 दिनों से बंद, ग्रामीण परेशान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।



उपखंड मुख्यालय सावर स्थित डाकघर में संचालित आधार कार्ड सेवा केंद्र पिछले 10 दिनों से बंद पड़ा है, जिससे क्षेत्र की 21 ग्राम पंचायतों के हजारों ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

आधार कार्ड से जुड़े कार्य नया बनवाना, संशोधन या अपडेट नहीं हो पाने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों को मजबूरन केकड़ी और कादेड़ा जाना पड़ रहा है, जिससे समय और पैसे दोनों की बर्बादी हो रही है।

जानकारी के अनुसार केंद्र की मशीन तकनीकी खराबी के कारण बंद है और इसे ठीक होने में अभी करीब 10 दिन और लग सकते हैं। हैरानी की बात यह है कि सूचना के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विधायक शत्रुघ्न गौतम से जल्द सेवा केंद्र शुरू कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

## अंबेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर 8 अप्रैल को

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर रक्तदान जागरूकता पखवाड़े के तहत 8 अप्रैल को कस्बा स्थित राज भवानी वाटिका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

यह शिविर विजन इंडिया वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित होगा, जिसके संरक्षक कांग्रेस देहात जिलाध्यक्ष रामलाल जाट हैं। शिविर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा, जिसमें क्षेत्र के रक्तदाता भाग लेकर रक्तदान करेंगे।

आयोजन को लेकर बिजोलिया व मांडलगढ़ क्षेत्र के कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान कैलाश मीणा सहित जिले के कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति भी प्रस्तावित है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# उर्स की रौनक में प्रतिभाओं का सम्मान, शिक्षा के संदेश से गूंजा फूलिया कला

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मूलचन्द पेसवानी




हजरत विलायत अली शाह दरगाह, फूलिया कला में सोमवार को सालाना 34वें उर्स के मुबारक मौके पर आस्था, परंपरा और प्रेरणा का अनूठा संगम देखने को मिला। इस पावन अवसर पर समाज के होनहार विद्यार्थियों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों और समाजसेवियों का सम्मान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

अंजुमन कमेटी के पूर्व सदर एवं राजस्थान नर्सेज यूनियन के संयोजक नूर मोहम्मद खान कायमखानी ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट परिणाम हासिल करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं तथा खेल क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने वाले युवाओं का 'नर्सेज न्यूज24' की ओर से स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस गरिमामय समारोह में दरगाह कमेटी के सदर हकीम मोहम्मद नीलगर ने कहा कि बच्चों की यह सफलता पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है और आने वाली पीढ़ियों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का संदेश देती है।

संयोजक नूर मोहम्मद खान ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि तालीम इंसान को केवल काबिल ही नहीं बनाती, बल्कि उसके व्यक्तित्व को भी निखारती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह ताकत है, जो समाज को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है और यही प्रगति का असली मार्ग है। सम्मानित होने वालों में 12वीं कला वर्ग में 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली अफरोज बानू उस्ता पिता तय्यब अली, विज्ञान वर्ग में 82.80 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले अरमान खान पिता मरहूम उस्मान गनी तथा मेहविश खान पिता नूर मोहम्मद खान ने 80.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर समाज का नाम रोशन किया। कुल 17 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

खेल क्षेत्र में भी युवाओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नेशनल हॉकी में गोल्ड मेडल जीतने वाले एजाज बिसायती तथा स्टेट हॉकी में ब्रॉन्ज मेडल हासिल करने वाले समीर नीलगर और परवेज मंसूरी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं, समाजसेवी एवं वार्ड पंच गणेश सोनी को भी उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मदीना मस्जिद के पेश इमाम हाफिज मेराज आलम नूरी, आस्ताना फाउंडर तस्वीर आलम, दरगाह कमेटी के कोषाध्यक्ष शकूर मोहम्मद मंसूरी, सेक्रेटरी शहाबुद्दीन उस्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन अमजद मंसूरी, नौशाद मंसूरी और इमरान मंसूरी ने किया। दो दिवसीय उर्स का समापन इस सम्मान समारोह के साथ हुआ।

# पुण्योत्सव में सेवा का संगम, मरीजों को फल और गरीबों को राशन , रामचरण महाराज निर्वाण महोत्सव में मानवता की मिसाल

### संत नवनिधराम की प्रेरणा से सेवा कार्यों की अनूठी पहल





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी

भक्ति, सेवा और मानवता के संगम का अद्भुत दृश्य सोमवार को रामनिवास धाम में देखने को मिला, जब रामस्नेही संप्रदाय के आद्याचार्य महाप्रभु स्वामी रामचरण महाराज के 228वें निर्वाण महोत्सव के तहत आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला में सेवा कार्यों की अनोखी मिसाल पेश की गई। जहां एक ओर जिला चिकित्सालय में मरीजों के बीच फल वितरण कर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी गई, वहीं दूसरी ओर 25 जरूरतमंद परिवारों तक राशन सामग्री पहुंचाकर सच्चे धर्म की परिभाषा को जीवंत किया गया।

रामनिवास धाम में चल रहे इस पुण्योत्सव ने न केवल आध्यात्मिक वातावरण को ऊर्जा दी, बल्कि समाज सेवा के माध्यम से मानवता का संदेश भी बुलंद किया। कार्यवाहक भंडारी संत नवनिधराम राम की प्रेरणा से जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित किए गए। मरीजों और उनके परिजनों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सच्चे पुण्य का कार्य बताया।

इसी क्रम में शाहपुरा के समाजसेवी महावीर जागेटिया द्वारा 25 जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई। इस सेवा कार्य के लिए रामनिवास धाम की ओर से जागेटिया परिवार को साधुवाद ज्ञापित किया गया। जरूरतमंदों के चेहरों पर झलकी खुशी ने इस आयोजन को और भी सार्थक बना दिया। पुण्योत्सव के चैथे दिन बारादरी में वाणीजी का पाठ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान संत नवनिधराम राम ने अपने ओजस्वी प्रवचनों से उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक ज्ञान की गहराइयों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि 'संसारी व्यक्ति पहले से ही भ्रमित है, ऐसे में संतों का कार्य उसे और भ्रमित करना नहीं, बल्कि उसके भ्रम को दूर करना है। '

उन्होंने जीवन की सच्चाई पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शरीर नश्वर है और एक दिन चिता पर जाना तय है, फिर भी मनुष्य इसे ही अपना अस्तित्व मान बैठता है। 'जो हमारी श्वासों को चला रहा है, उस परम तत्व पर विश्वास नहीं, और जो हमें भटका रहा है, उस पर विश्वास करना सबसे बड़ा भ्रम है,' उन्होंने कहा।

संत नवनिधराम राम ने महाप्रभु रामचरण महाराज के आदर्शों को याद करते हुए बताया कि सत्य और मानवता ही सच्चा धर्म है। जो त्रिकाल में अडिग रहे वही सत्य है और वही परमेश्वर है। उन्होंने कहा कि संसार की वस्तुएं क्षणभंगुर हैं, इसलिए सन्तों का उपदेश सदैव शाश्वत सत्य की ओर ही प्रेरित करता है।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर 7 अप्रैल को विशेष आयोजन होंगे। इस दिन ब्रह्म समाधि पाठ, राम पद्वति का पाठ, विरह भजन, प्रातः 11.15 बजे महाआरती वंदना तथा रात्रि में जागरण का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सूर्यप्रकाश बिड़ला, महावीर जागेटिया, राकेश सोमाणी, रामेश्वर बसेर, कैलाश चंद्र तोषनीवाल, रामसहाय बिड़ला, दीनदयाल मारू सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# गर्मी में राहत: भीलवाड़ा में निःशुल्क ऑर्गेनिक छाछ वितरण, स्वदेशी अपनाने का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने और स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से श्री शांत क्रान्ति महिला मंडल एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के संयुक्त तत्वावधान में शहर के विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क ऑर्गेनिक छाछ वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह सेवा कार्य श्री गणेश मंदिर रोडवेज बस स्टैंड के पास तथा श्री राम मंदिर, सुभाषनगर में संपन्न हुआ, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने छाछ ग्रहण कर आयोजन की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान अध्यक्ष हेमन्त कोठारी एवं परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य न केवल भीषण गर्मी में लोगों को शीतलता प्रदान करना है, बल्कि समाज में स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना भी है। उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक छाछ जैसे प्राकृतिक पेय पदार्थ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को भी प्रोत्साहित करते हैं, जिससे आत्मनिर्भरता को मजबूती मिलती है।

महिला संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष लीला कोठारी ने अपने संबोधन में कहा कि मंडल द्वारा लगातार सेवा कार्यों की श्रृंखला चलाई जा रही है और भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित होते रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों की सेवा भावना और समर्पण की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम के दौरान सेवा भाव और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुरेश बम्ब, कमल वैशनानी, राजकुमार, गोविंद, तरुण कुमार, जयदेव कुशलानी, नेहा चोरड़िया, रजनी बापना, अलका बम्ब, सरोज लोढ़ा, सरोज छाजेड़, सीमा डांगी, रूपा मेहता, निर्मल जैन, ज्योति डूंगरवाल, मंजू लोढ़ा, नेहा छाजेड़, प्रवेशिका बुलिया सहित कई सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मिलकर व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया और आमजन को छाछ वितरित कर सेवा का संदेश दिया।

# श्यामगढ़ विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा ।




श्यामगढ़ पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10 एवं 12 के मेधावी विद्यार्थियों तथा गार्गी व प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु चयनित छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. पवन कुमार शर्मा ने की।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन के साथ अध्ययन कर विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन करने का संदेश दिया। बोर्ड परीक्षा प्रभारी नरेश मीणा ने बताया कि कक्षा 12 में जगदीश कुमार धाकड़ (87.80%) प्रथम, कृष्णा गुर्जर द्वितीय एवं चंचल कुमारी धाकड़ तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा 10 में अजय धाकड़ (82.33%) प्रथम, अभिषेक गुर्जर द्वितीय तथा चंचल कुमारी शक्तावत तृतीय स्थान पर रही।

कक्षा 12 में कुल 14 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जिनमें से 9 बालिकाओं का प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु चयन हुआ। सभी विद्यार्थियों का उपरणा, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया।

शारीरिक शिक्षक लादूलाल ने बताया कि विद्यालय से प्रतिवर्ष गार्गी व प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए विद्यार्थियों का चयन होता है। कार्यक्रम में भगवान सहाय, दीपेश कटारिया, शंकर लाल सालवी, रामराज मीणा, छुट्टनलाल मीणा, दिलीप त्रिपाठी, अक्षय व्यास, हेमराज यादव, नंदलाल बलाई, नंदकिशोर सनाढ्य, शंभूनाथ योगी, राजेश मेघवाल, देवीलाल धाकड़ सहित शिक्षकगण व विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप त्रिपाठी ने किया तथा अंत में भगवान सहाय ने आभार व्यक्त किया।

# भाजपा ने उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया 47वा स्थापना दिवस

## स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाएं, आगामी चुनावों में कांग्रेस मुक्त जिला बनाए रखना है - दाधीच






**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भारतीय जनता पार्टी का 47वा स्थापना दिवस जिला संगठन द्वारा सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। जिला कार्यालय पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच रहे एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला सह प्रभारी मिठूलाल जाट, विधायक जब्बर सिंह सांखला, लादूलाल पीतलिया, उदयलाल भडाना, गोपाल खंडेलवाल, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, पूर्व विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी, रामलाल गुर्जर, बी आर चौधरी, वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज, कार्यक्रम जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट मंचासीन रहे।

**ध्वजारोहण के साथ हुआ समारोह का शुभारंभ**

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि भाजपा के स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच के कर कमलों से ध्वजारोहण के साथ हुई। इस अवसर पर दाधीच ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के स्थापना दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाएं कि आने वाले पंचायतराज और निकाय चुनावों में भी कांग्रेस मुक्त जिले की



स्थिति बरकरार रखनी है और 2028 के लोकसभा चुनावों में पुनः भाजपा की सरकार बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना है।

**वाजपेयी से लेकर मोदी तक भाजपा का स्वर्णिम युग**

दाधीच ने कहा कि भाजपा के प्रथम अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पीएम नरेंद्र मोदी तक के युग ने भाजपा का नाम देश की राजनीति के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया है। 2014 से लेकर अब तक राष्ट्रविरोधी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को स्थायी सरकार मिली है। अब वह दिन दूर नहीं जब 2047 के विकसित भारत के संकल्प को भी हम पूरा होते हुए देखेंगे।

**विचारधारा और कार्यकर्ताओं के श्रम से बनी सबसे बड़ी पार्टी**

जिला सहप्रभारी मिठूलाल जाट ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी अपनी विचारधारा और कार्यकर्ताओं के श्रम के दम पर बनी है, जिसका हम सभी को गौरव है।

इससे पूर्व जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए जिले में भाजपा की सशक्त स्थिति और चुनावों में कांग्रेस मुक्त जिला बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया। समारोह का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया।

**ढोल मंजीरों के साथ उत्सव के रूप मनाया स्थापना दिवस**

भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर को कार्यकर्ताओं ने ढोल मंजीरों की थाप पर नृत्य और जयघोष के साथ उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख रामचंद्र सेन, शंकर गुर्जर, जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, लक्ष्मण सिंह राठौड़, अमरसिंह चौहान, कुलदीप शर्मा, कल्पेश चौधरी, गोपाल तेली, विशाल गुरुजी, सुरेंद्र सिंह मोटरास, लादूलाल जाट, राजेंद्र बोहरा, आरती कोगटा, ललिता कंवर, किस्मत गुर्जर, कांता शर्मा, ललित अग्रवाल, पंकज मानसिंहका, अंकुर बोरदिया, महावीर समदानी, मनोज बुलानी, शशांक बिड़ला, अनिल सिंह जादौन, भूपेंद्र सिंह, अभिश्रुता सोलंकी, अजय नौलखा, यशोवर्धन सेन, शुभम शर्मा, पंकज विजयवर्गीय, भगवत सिंह खैराबाद, शंकरलाल जाट, पूरण डीडवानिया, मंजू पालीवाल, इमरान कायमखानी, रमेश खोईवाल, नागेन्द्र सिंह, ऋतुशेखर शर्मा, मुकेश सोनी, नंदलाल गुर्जर, राजा साध वैष्णव, रेखा परिहार, ज्योति आशीर्वाद, रेखा अजमेरा सहित सैकड़ो की संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, पार्षद, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**प्रदेश उपाध्यक्ष ने ली जिला पदाधिकारियों की अहम बैठक**

स्थापना दिवस समारोह के पश्चात भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने जिला पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक ली। उन्होंने संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी पंचायत राज एवं निकाय चुनावों को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया, और साथ ही अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का आह्वान किया।

# पंचमुखी मोक्षधाम के मसानिया भैरुनाथ मंदिर में लाल मिर्च का हवन, उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

## अनूठी धार्मिक परंपरा देखने दूर-दूर से पहुंचे भक्त, आस्था और मान्यता का अद्भुत संगम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर के पंचमुखी मोक्ष धाम स्थित प्राचीन मसानिया भैरवनाथ मंदिर में एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला। यहाँ माँ बगलामुखी को प्रसन्न करने के लिए 751 किलो सूखी लाल मिर्च का विशाल हवन किया गया। यह परंपरा पिछले 10 वर्षों से निरंतर चली आ रही है, लेकिन इस वर्ष मिर्च की मात्रा ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। इस अनोखे हवन को देखने और इसमें भाग लेने के लिए आसपास के क्षेत्रों सहित दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। मंदिर के युवा अध्यक्ष रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि इस हवन का मुख्य उद्देश्य भक्तों के जीवन से बाधाओं को दूर करना और माँ



बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त करना है। माना जाता है कि इस विशेष हवन में भाग लेने से घर-परिवार में सुख और शांति आती है। अक्सर लोगों के मन में शमशान (मोक्ष धाम) के प्रति एक डर और नकारात्मकता होती है। इस हवन के माध्यम से उस डर को दूर करने और बुरी शक्तियों व रोगों के निवारण का संदेश दिया जाता है। मंदिर के पुजारी संतोष कुमार खटीक ने कहा कि यहाँ बाबा काल भैरवनाथ, माँ आदिशक्ति कालका और बाबा गुप्तेश्वर महादेव की उपस्थिति मानी जाती है। हवन के दौरान बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएँ और बच्चे उपस्थित थे। तीखी लाल मिर्च के धुएं के बावजूद भक्तों की आस्था कम नहीं हुई। पिछले वर्ष 551 किलो मिर्च का हवन किया गया था, जबकि इस वर्ष 2026 में इसकी मात्रा बढ़ाकर 751 किलो कर दी गई। यह संपूर्ण आयोजन मंदिर समिति द्वारा पूर्णतः निशुल्क किया गया। श्रद्धालुओं के बैठने, सामग्री और अन्य व्यवस्थाओं का भार मंदिर द्वारा ही उठाया गया। भक्तों का मानना है कि यहाँ दर्शन मात्र से ही कई प्रकार की गृह बाधाएँ और शारीरिक कष्ट दूर हो जाते हैं। हवन के दौरान पूरा वातावरण मंत्रोच्चार और धुएं की तीव्रता से भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भैरुनाथ भगवान के जयकारों के साथ अपनी श्रद्धा प्रकट की और परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# खबर का असरः मांडलगढ़ उप जिला अस्पताल में सोनोग्राफी सेवा शुरू

## 25 लाख की मशीन 6 माह से थी बंद, 'भीलवाड़ा फोकस' में खबर के बाद जागा प्रशासन

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

उप जिला अस्पताल मांडलगढ़ में पिछले 6 माह से बंद पड़ी सोनोग्राफी मशीन की सेवाएं आखिरकार शुरू हो गई हैं। भीलवाड़ा जिला कलेक्टर एवं जिला चिकित्सा अधिकारी के हस्तक्षेप के बाद सोमवार को मशीन को चालू कर आमजन के लिए उपलब्ध करा दिया गया।

गौरतलब है कि शनिवार को 'भीलवाड़ा फोकस' में 'उप जिला अस्पताल में 25 लाख की सोनोग्राफी मशीन धूल फांक रही, मरीज परेशान' शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित की




गई थी। खबर के प्रकाशन के बाद प्रशासन हरकत में आया और तुरंत कार्रवाई करते हुए बंद पड़ी मशीन को चालू करवाया गया।

जिला चिकित्सा अधिकारी संजीव शर्मा एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष पुरोहित की पहल से यह संभव हो पाया। मशीन शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है और अब मरीजों को सोनोग्राफी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।


इस अवसर पर पूर्व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, पार्षद अनिता सुराणा, अर्जुन ब्रमभट्ट, राधेश्याम जीनगर, रतनलाल धोबी, आमीन सिलावट सहित अन्य नागरिकों ने प्रशासन का आभार जताते हुए इसे आमजन के हित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

## QUICK BITES

### सिंगोली श्याम को अमेरिकन डॉलर से निर्मित माला भेंट की

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

( रमेश चन्द डाड) मेवाड़ के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सिंगोली श्याम मंदिर पर चारभुजा नाथ को अमेरिकन डॉलर से निर्मित माला भेंट की । पुजारी शिवकुमार पाराशर ने बताया कि श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण होने पर चारभुजा नाथ को अमेरिकन डॉलर से निर्मित माला भेंट की । अमेरिकन डॉलर निर्मित माला से चारभुजा नाथ के श्रृंगार में चार चांद लग गए श्रद्धालु दर्शन कर अभीभूत हुए ।



### विधायक भडाणा ने भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया, ध्वज फहराया

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर मांडल विधायक उदयलाल भडाणा ने अपने विधायक कार्यालय में पार्टी का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस मनाया।

भाजपा युवा नेता कमलेश सिंह गुड्डा ने बताया कि इस अवसर पर विधायक भडाणा ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा और सभी ने भाजपा के स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

### भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए राहतः परिंडा अभियान की अनूठी पहल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए राजस्थान पत्रकार परिषद द्वारा चलाया जा रहा परिंडा अभियान सराहनीय और प्रेरणादायक है। यह विचार कलेक्ट्रेट परिसर में जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने व्यक्त किए।

अभियान के तहत सोमवार को 'जीवदया' पहल के अंतर्गत 101 परिंडों का वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने बताया कि पांच दिवसीय अभियान में 500 परिंडे वितरित किए जाएंगे।

समाजसेवी अनिल छाजेड़ ने इसे 'जियो और जीने दो' का संदेश बताया, वहीं पुष्पा गौखरू ने कहा कि यह पहल लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यवहारिक रूप से प्रेरित करेगी। अमित जोशी ने परिंडों के सही रख-रखाव और नियमित पानी भरने की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कई गणमान्य नागरिक और पत्रकार उपस्थित रहे।

### सेवा भाव से व्यक्तित्व निखरता हैः प्रवीण चौधरी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



वीर सेवा संघ द्वारा विद्यासागर वाटिका में आयोजित स्नेह मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने कहा कि सेवा भाव से किया गया कार्य न केवल दूसरों के जीवन में बदलाव लाता है, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी निखारता है।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। चेयरमैन सुभाष हुमड ने संस्था के सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। इस दौरान लेडीज विंग का पुनर्गठन करते हुए नीना पंचोली को चेयरमैन और मनीषा शाह को चीफ सेक्रेटरी बनाया गया।

समारोह में विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे तथा खेल, सम्मान और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित हुए। करीब 600 सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में यूथ व लेडीज विंग का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम का संचालन दिलीप अजमेरा एवं पायल गोधा ने किया।

### स्वर्णकार समाज का तृतीय प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान -2026 आयोजित होगा, विद्यार्थियों से आवेदन मांगे

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राजस्थान प्रदेश मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज संस्था (रजि.) के शिक्षा प्रकोष्ठ द्वारा वर्ष 2026 के लिए 'तृतीय प्रदेश स्तरीय प्रतिभा संपन्न छात्र-छात्रा सम्मान समारोह' आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में समाज के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

राजस्थान प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ सदस्य दिलीप सोनी ने बताया कि यह सम्मान उन विद्यार्थियों को दिया जाएगा जिन्होंने वर्ष 2026 में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड , केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड , इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन अथवा अन्य मान्यता प्राप्त बोर्ड की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह की तिथि एवं स्थान की सूचना केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अलग से जारी की जाएगी। समाज के सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं पदाधिकारियों से अपील की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के पात्र विद्यार्थियों की जानकारी निर्धारित फॉर्म के माध्यम से समय पर उपलब्ध करवाएं।

शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रवीण मैढ़ ने बताया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है, जबकि सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि परीक्षा परिणाम घोषित होने की तिथि से 7 दिन तक रहेगी।

आवेदन में विद्यार्थी को अपना नाम, माता-पिता का नाम, विद्यालय का नाम, जिला, प्राप्तांक, प्रतिशत, पूर्ण पता एवं मोबाइल नंबर सहित आवश्यक जानकारी देनी होगी। आवेदन सीधे शिक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रवीण मैढ़ को अथवा शिक्षा प्रकोष्ठ सदस्य, जिला प्रभारी या जिलाध्यक्ष के माध्यम से भी भेजा जा सकता है ।

सोनी ने बताया की 'शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास का श्रेष्ठतम संसाधन है ', और इसी भावना के साथ मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।